E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा **A++** ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur- 208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी0ओ0ई0/850 /2024 दिनांक: 12 / 12 /2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषय : सत्र 2024–25 हेतु एन0ई0पी0 एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रम के विषम सेमेस्टर (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म सम्बिशन एवं शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि सत्र 2024–25 हेतु एन0ई0पी0 पाठयक्रम के विषम सेमेस्टर (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) की परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय ई0आर0पी0/एडमिशन पोर्टल पर अर्ह छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म पूरित कराये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 10.12.2024 निर्धारित की गयी थी। विभिन्न महाविद्यालयों के अनुरोध पर ऑन–लाइन फार्म सम्बिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि 14.12.2024 तक पुनः विस्तारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि जिन छात्र/छात्राओं के नाम/पिता का नाम/जन्म तिथि में अन्तर होने के कारण ABC/APAAR ID (Academic Bank Credit/Automated Permanent Academic Account Registry ID) सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा अपडेट नही की जा सकी है। उन्हे इस शर्त के साथ परीक्षा फार्म पूरित किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है कि वह आगामी तीन माह के अन्दर आवश्यक संशोधन कराते हुए अपनी ABC/APAAR ID अपने महाविद्यालय से अपडेट करा लेंगे। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम रोक दिया जायेगा तथा उन्हें डिजीलाकर की सेवायें उपलब्ध नही हो पाएगी।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए उनका परीक्षा फार्म निर्धारित तिथि 14.12.2024 तक विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0/एडमिशन पोर्टल पर पूर्ण कराने का कष्ट करें, जिससे उक्त परीक्षायें समय से सम्पादित करायी जा सके। निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म सम्बिशन न होने पर समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की स्वयं होगी।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
4. पी.एम.यू. सेल/प्रभारी, कोडिंग।
5. मीडिया प्रभारी।

12.12.24

(अजय कुमार गौतम)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)